


मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं लेकिन बाकी बची सीरीज के लिए हमें इंतजार करके देखना होगा। हमें पता था कि ऐशेज जीतना है तो हमने काफी आक्रामक तैयारी की थी और हमें लगता है कि यह इसके लायक था। – **पैट कमिंस**

**ऑस्ट्रेलियाई कप्तान, अपनी चोट को लेकर बोलते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## बेन स्टोक्स



**इंग्लैंड** के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वह कप्तानी के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, लेकिन यह भी स्वीकार करते है कि पहले तीन टेस्ट मैचों में उनकी टीम ऑस्ट्रेलिया के 'जबरदस्त हमले' को झेल नहीं सकी और रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए मात्र 11 दिनों में ही ऐशेज सीरीज गंवा बैठी। 2022 से इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान रहे स्टोक्स ने इस दौरे से पहले दो साल का नया केन्द्रीय अनुबंध साइन किया था, जो 2027 की गर्मियों के अंत तक चलेगा। कप्तान बने रहने की उनकी इच्छा 'बिल्कुल' बरकरार है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर दौरे की शुरुआत से अब तक कुछ भी नहीं बदला है।

**क्या आप जानते हैं ?...** एमएस धोनी की तुलना में विराट कोहली को बेहतर बल्लेबाज माना जाता है क्योंकि उनका बल्लेबाजी औसत अधिक है और उन्होंने सभी प्रारूपों में अधिक शतक बनाए हैं।

## शायद मैं एशेज की सही तैयारी नहीं करा पाया : मक्कलम

एडिलेड, 21 दिसंबर। इंग्लैंड की टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मक्कलम का मानना है कि वह ऐशेज की सही तैयारी नहीं करा पाये। जिसके कारण मात्र 11 दिनों के खेल में ही सीरीज गंवानी पड़ी, जबकि अभी दो टेस्ट शेष हैं। एडिलेड में 82 रन की जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के 3–0 की अजेय बढ़त लेने के बाद टीएनटी स्पोर्ट्स से बातचीत में



मक्कलम ने माना कि उनके प्रतिद्वंद्वियों ने बल्ले और गेंद दोनों से हमें पछाड़ दिया और क्षेत्ररक्षण में भी हमें पछाड़ा। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के प्रदर्शन में सटीकता, जबरदस्त और निरंतरता देखी गई। इंग्लैंड का एकमात्र अभ्यास मैच पर्थ के लाइलैक हिल में एक धीमी पिच पर खेला गया, जिसने ऑप्टस स्टेडियम की तेज और उछाल भरी पिच पर मिलने वाली परिस्थितियों का बहुत कम अंदाजा दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री इलेवन के खिलाफ कैनबरा में होने वाले गुलाबी गेंद अभ्यास मैच को छोड़ने का फैसला करते हुए, इंग्लैंड ने पांच दिनों के कड़े प्रशिक्षण के बाद गाबा में दूसरा टेस्ट खेला। इसके बाद मक्कलम ने यह दावा किया कि इंग्लैंड ने हद से अधिक तैयारी कर ली थी और सीरीज की दूसरी आठ विकेट की हार झेलनी पड़ी। मक्कलम ने कहा, ''मुझे पता है कि इस पर सवाल उठेंगे। जब आप 3–0 से हार जाते हैं, तो आपको हाथ उठाकर कहना पड़ता है कि शायद मैंने तैयारी ठीक नहीं की।आखिरकार, यह आपकी जिम्मेदारी होती है कि आप अपनी टीम को कैसे तैयार करते हैं और किस तरह से उन्हें मैच के लिए तैयार करते हैं। मुझे अपने तरीको और हमें अपनी तैयारी के तरीको पर भरोसा था। केवल पहले टेस्ट से पहले ही नहीं, बल्कि टेस्टों के बीच भी। अब पीछे मुड़कर देखता हूं तो सोचता हूं, क्या हमें पहले टेस्ट से पहले अधिक तैयारी की जरूरत थी।''

## सचित गुप्ता बने 39 प्लस कैटेगरी में चैम्पियन

जयपुर, 21 दिसंबर। आज वोकर अकैडमी, वैशाली नगर, जयपुर में संपन्न हुई जयपुर जिला मास्टर टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जयपुर के सचित गुप्ता ने डॉक्टर सीपी सुथार को 3–0 से परास्त कर 39 वर्ग का खिताब जीता। वही संपन्न हुई महिला वर्ग की प्रतियोगिता में डॉक्टर रुचि गुप्ता ने अनीता मोदी को 3–0 से परास्त कर खिताब पर कब्जा किया। पुरुष 49 प्लस कैटेगरी में हरीश माथुर ने प्रतीक शर्मा को 3–0 से परास्त कर खिताब जीता। पुरुष 29 प्लस वर्ग में मनमोहन बढ़ाया में भुवनेश यादव को तीन एक से परास्त किया। पुरुष 69 कैटेगरी में एस एस वर्मा ने के एल चावरिया को 3–0 से परास्त कर खिताब जीता । पुरुष वर्ग 69 में एसके माहेश्वरी ने राजीव अग्रवाल को एक आकर्षक मुकाबले में परास्त किया ।पुरुष युगल 49 प्लस मुकाबले में आशीष थारवान व सचित गुप्ता ने हरीश माथुर व मनमोहन रावत को हराया। राजस्थान पैटर्न टेबल टेनिस कमेटी के तत्वाधान में संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में एक अनूठी पहल की गई जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर पदक लाने वाले प्रतियोगियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें शरण्या गोयल ने पैरा नेशनल चैंपियनशिप वडोदरा में रजत पदक जीता था वही रांची में हुई नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जयपुर के आरव साहनी वह आरव आचार्य ने क्रमशः वर्ग 11 वह वर्ग 15 में कांस्य पदक जीत कर जयपुर व राजस्थान की शोभा बढ़ाई ।इस अवसर पर वेटरन कमेटी के अध्यक्ष अजय ओझा व पूर्व जयपुर जिला टेबल टेनिस के अध्यक्ष ललित सिंह भी मौजूद रहे।

## विजय हजारे ट्रॉफी में भाग लेने वाली राजस्थान टीम घोषित, मानव कप्तान व अनिकेत उपकप्तान

जयपुर, 21 दिसंबर। बीसीसीआई की आगामी सीनियर विजय हजारे एक दिवसीय ट्रॉफी में भाग लेने वाली राजस्थान टीम का चयन आरसीए सीनियर चयन कमेटी ने आज आरसीएअकादमी पर आयोजित मीटिंग में किया। घोषित राजस्थान सीनियर टीम :- मानव सुथार (कप्तान), मनेन्द्रसिंह, राम मोहन चौहान, सुमित गोदारा, महिपाल लोमरोर, दीपक हुड्डा, करण लाम्बा, मुकुल चौधरी, अजय सिंह कुकना, खलील अहमद, अनिकेत चौधरी (उपकप्तान), अशोक शर्मा, आदित्य सिंह राठौर, समर्पित जोशी, आकाश सिंह, राहुल चाहर।

## डेवोन कॉन्वे ने दोहरा शतक व टेस्ट में शतक लगाकर इतिहास रचा



माउंट माउंगानुई, 21 दिसंबर। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक और फिर शतक बनाकर अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया है। इसी के साथ वह यह कारनामा करने वाले पहले कीवी बल्लेबाज बन गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार कॉनवे ने वेस्टइंडीज के खिलाफ ओवल में तीसरे और अंतिम टेस्ट के दूसरे आखिरी दिन चाय से ठीक पहले शतक बनाकर यह दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। उन्होंने एंडरसन फिलिप की गेंद पर कट शॉट लगाकर अपनी दूसरी पारी का शतक पूरा किया। यह उपलब्धि उनकी पहली पारी में शानदार 227 रन बनाने के बाद मिली, जिसने मैच में न्यूजीलैंड की मजबूत स्थिति की नींव रखी।

ऐसा करके 34 वर्षीय कॉन्वे एक ही मैच में दोहरा शतक और शतक बनाने वाले पहले न्यूजीलैंड और टेस्ट इतिहास में केवल 10वें खिलाड़ी बन गए। कॉन्वे ब्रायन लारा, ग्राहम गूच, कुमार संगकारा और हाल ही में मार्नस लाबुशेन और शुभमन गिल जैसे दिग्गजों की एलीट सूची में शामिल हो गए।

शानदार फॉर्म में चले रहे कॉन्वे का यह सातवां टेस्ट शतक है। चौथे दिन चाय के समय, न्यूजीलैंड अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 192 रन पर था और मैच में अभी चार सत्र बाकी रहते हुए 347 रनों की मजबूत बढ़त बनाए हुए था। न्यूजीलैंड वर्तमान में तीन मैचों की श्रृंखला में 1–0 से आगे है, उसने क्राइस्टचर्च में पहला टेस्ट ड्रॉ खेला था और उसके बाद वेलिंगटन में नौ विकेट से शानदार जीत हासिल की थी।

## इंडिया विमेंस ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराया

### पहली टी-20 में जेमिमा रोड्रिग्ज की फिफ्टी

विशाखापत्तनम 21 दिसंबर इंडिया विमेंस ने टी–20 सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को 8 विकेट से हरा दिया। विशाखापट्टनम में रविवार को भारत ने बॉलिंग चुनी। श्रीलंका विमेंस 6 विकेट खोकर 121 रन ही बना सकी। इंडिया विमेंस ने 15वें ओवर में महज 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। जेमिमा रोड्रिग्ज ने फिफ्टी लगाई, वहीं स्मृति मंधाना ने 25 रन बनाए।

विष्मी गुणरत्ने (39), हर्षिता समाराविक्रमा (21) और हसिनी परेरा (20) की जूझारु पारियों के दम पर श्रीलंका की महिला टीम ने रविवार को पहले टी–20 मुकाबले में भारत को जीत के लिए 122 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां टॉस



जीतकर भारत ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में कप्तान चामरी अटापट्टू (15) का विकेट गंवा दिया। उन्हें क्रांति गौड ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हसिनी परेरा ने विष्मी गुणरत्ने के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने हसिनी परेरा (20) आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। श्रीलंका का तीसरा विकेट हर्षिता समाराविक्रमा (21) के रूप में गिरा। उन्हें श्री चारणी ने बोल्ड आउट किया। नीलाक्षी डिसिल्वा (आठ) और कविशा दिलहारी (छह) रनआउट हुई। श्रीलंका की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 121 रनों का स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए क्रांति गौड, दीप्ति शर्मा और श्रीचारणी ने एक–एक बल्लेबाज को आउट किया।

हर्षिता समरविक्रमा ने फिर टीम को 100 रन के करीब पहुंचाया, लेकिन वे 21 रन बनाकर आउट हो गईं। दीप्ति शर्मा और श्रीचरणी ने भी 1–1 विकेट लिया। विष्मी 39 रन बनाकर रन आउट हो गईं। उनके बाद निलाक्षी डी सिल्वा और कविषा दिलहारी भी रन आउट हो गईं।

## ऑस्ट्रेलिया ने की इंग्लैंड को 82 रनों से हराकर एशेज 3-0 से अपने नाम




एडिलेड, 21 दिसंबर। मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस, नाथन लियोन (तीन–तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन इंग्लैंड को दूसरी पारी में 352 के स्कोर पर समेट कर 82 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 3–0 की निर्णायक बढ़त बना ली। आज यहां इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 206 रनों क स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की दूसरी पारी में 352 रनों पर सिमट गई। हालांकि जेमी स्मिथ (60) और विल जैक्स (47) ने जोरदार संघर्ष किया। सुबह के सत्र में मिचेल स्टार्क ने जेमी स्मिथ को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद 93वें ओवर में स्टार्क ने विल जैक्स को भी अपना शिकार बना लिया। जोफ्रा आर्चर तीन रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों ने तनावपूर्ण आखिरी सेशन में धैर्य बनाए रखा, जिसमें मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड ने निर्णायक वार किए। 103 वें ओवर की पहली गेंद पर स्कॉट बोलैंड ने जॉश टंग (एक) को आउटकर मेहमान टीम की दूसरी पारी का 352 के स्कोर पर अंत कर दिया। उन्होंने दो टेस्ट मैच बाकी रहते ही सीरीज अपने नाम कर ली। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दोनों पारियों में 371 और 349 रन बनाए थे, जिससे इंग्लैंड के सामने एक मुश्किल चुनौती खड़ी हो गई थी। विकेटकीपर–बल्लेबाज एलेक्स कैरी को स्टंप के पीछे और बल्ले से अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, उन्होंने मैच के अहम चरणों में स्थिरता प्रदान की। स्टार्क आखिरी पारी में सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे, उन्होंने अहम मौकों पर विकेट लेकर इंग्लैंड की लय को रोका, जबकि कप्तान पैट कमिंस ने भी महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाईं। इस जीत के साथ, ऑस्ट्रेलिया ने पूरी सीरीज में अपना दबदबा दिखाया, सभी तीनों टेस्ट मैच आसानी से जीतकर एशेज अपनी अजेय बढ़त बना ली है। अब 26 दिसंबर से शुरू होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट पर है, जहां इंग्लैंड अपनी इज्जत बचाने का प्रयास करेगा और ऑस्ट्रेलिया अपने दबदबे को और बढ़ाना चाहेगा।

## बीसीसीआई ने भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को किया सम्मानित

मुंबई, 21 दिसंबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने विश्व कप जीतने वाली भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को 19 दिसंबर को मुख्यालय में गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए सम्मानित किया। बीसीसीआई की ओर से रविवार को बताया गया कि भारतीय ब्लाइंड महिला जो पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। बीसीसीआई के मानद कोषाध्यक्ष रघुराम भट्ट ने उन्हें सम्मानित किया, खिलाड़ियों से बातचीत की और बोर्ड की ओर से हार्दिक बधाई दी। यह दौरा भारत में ब्लाइंड महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जो राष्ट्रीय स्तर पर इस खेल के लिए बढ़ती पहचान और समर्थन को रेखांकित करता है। भारत ने नेपाल के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता। भारतीय टीम ने 115 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 12.1 ओवर में सात विकेट से जीत दर्ज की।

## अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पांच टीमों वाली फ्रेंचाइजी-आधारित टी-20 लीग की घोषणा की

दुबई, 21 दिसंबर। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने एक नई फ्रेंचाइजी–आधारित टी–20 लीग, अफगानिस्तान प्रीमियर लीग शुरु करने की घोषणा करते हुए कहा कि इसके पहले संस्करण में पांच टीमें होंगी और इसे अगले साल अक्टूबर 2026 के आसपास संयुक्त अरबअमीरात (यूएई) में शुरु किया जायेगा। एसीबी ने 2018 की शुरुआत में भी एक अफगानिस्तान प्रीमियर लीग शुरू की थी और उस टूर्नामेंट का मात्र एक सीजन उसी साल बाद में पांच टीमों के बीच खेला गया था। क्रिस गेल, ब्रेंडन मैकुलम, शाहिद अफरीदी और अन्य जैसे बड़े नाम उस सीजन में खेले थे, लेकिन पेमेंट की समस्याओं और लीग की ईमानदारी को लेकर चिंताएं सामने आने के बाद इसे बंद कर दिया गया था।




## पाकिस्तान की अंडर-19 टीम ने भारत को 191 रनों से हराया

दुबई, 21 दिसंबर। समीर मिन्हास (172) और अहमद हुसैन (56) की शानदार पारियों के बाद अली रजा (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने अंडर–19 एशिया कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को भारत को 191 रनों से हरा दिया। 348 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम शुरुआती विकेट गिराने के बाद दबाव को झेल नहीं पाई और ओवरों में रन पर सिमट गई।


बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम का पहला विकेट 32 के स्कोर कप्तान आयुष म्हात्र (दो) के रूप में गिरा। इसके बाद 49 के स्कोर पर भारत दो महत्वपूर्ण विकेट और गंवा दिये। ऐरन जॉर्ज (16) और वैभव सूर्यवंशी 10 गेंदों में (26) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और तू चल मैं आया की तर्ज पर विकेट गंवाते रहे। हालांकि भारत की आखिरी जोड़ी ने चौके, छक्के लगाते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया। इस दौरान दीपेश देवेंद्रन ने छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (36) रनों की पारी खेली। उन्हें अली रजा ने आउट किया। भारतीय टीम 26.2 ओवर में 156 रन ही बना सकी और 191 रनों से खिताबी मुकाबला हार गई। किशन सिंह तीन रन बनाकर नाबाद रहे।

पाकिस्तान के लिए अली रजा ने चार विकेट लिये। मोहम्मद सय्याम, हुजैफा एहसान और अब्दुल सुभान को दो–दो विकेट मिले। इससे पहले आज यहां भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 रन के स्कोर पर हम्जा जहूर (18) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये उस्मान खान ने समीर मिन्हास के साथ दूसरे विकेट के लिए 92रन जोड़े।

17वें ओवर में खिलन पटेल ने उस्मान खान (35) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। चौथे बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतरे अहमद हुसैन ने समीर मिन्हास के साथ तीसरे विकेट के लिए 137 रन जोड़कर बड़े लक्ष्य की नींव रखी। 38वें ओवर में भारतीय गेंदबाजों ने वापसी की और खिलन पटेल ने अहमद हुसैन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अहमद हुसैन ने 72 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 56 रनों की पारी खेली।

## परिवहन निरीक्षकों का मैत्री क्रिकेट मैच आयोजित

जयपुर, 21 दिसंबर। राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ ने परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान के निर्देशन में आज परिवहन निरीक्षकों का मैत्री क्रिकेट मैच आयोजित किया गया, जिसमें आरटीओ जयपुर प्रथम एवं आरटीओ जयपुर द्वितीय की निरीक्षक टीमों ने भाग लिया। यह आयोजन विभागीय सौहार्द, स्वास्थ्य संवर्धन एवं सड़क सुरक्षा जन–जागरूकता अभियान–2025 के उद्देश्य से आयोजित किया गया। मैचों की शुरुआत प्रातः 11:00 बजे हुई। संघ के अध्यक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि यह आयोजन सचिव परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, शुचि त्यागी, परिवहन आयुक्त पुरुषोत्तम शर्मा के मार्गदर्शन एवं विभागीय अधिकारियों के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। आयोजन का उद्देश्य सड़कसुरक्षा जन–जागरूकता अभियान–2025 को खेल के माध्यम से जन–जन तक पहुँचाना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत अमर जवान ज्योति पर सड़क सुरक्षा के प्रति संकल्प भी व्यक्त किया गया। चौधरी ने बताया कि आज कुल दो टी–10 मुकाबले खेले गए। प्रथम मुकाबले में आरटीओ जयपुर द्वितीय की टीम के कप्तान दिनेश सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी



करते हुए 90 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरटीओ जयपुर प्रथम की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शेष 2 बॉल रहते हुए लक्ष्य प्राप्त कर मैच जीत लिया। इसमें आरटीओ जयपुर प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत ने बढ़िया बल्लेबाजी करते हुए 20 रन बनाये । द्वितीय मुकाबले में आरटीओ जयपुर प्रथम की टीम के कप्तान टीकम मदन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 68 रन बनाए। जवाब में आरटीओ जयपुर द्वितीय की टीम ने अनुशासित खेल का परिचय देते हुए शेष 2 बॉल रहते हुए चोका मारकर 72 रन बनाकर मुकाबला 4 विकेट से अपने नाम किया। खराब मौसम के कारण तीसरा मुकाबला आयोजित नहीं हो सका, जिससे टूर्नामेंट विजेता का निर्णय नहीं हो पाया। आपसी सहमति से यह तय किया गया कि दोनों टीमों के सर्वश्रेष्ठ निरीक्षकों को मिलाकर एक संयुक्त टीम बनाई जाएगी, जो आगामी रविवार, 28 दिसम्बर 2025 को मुख्यालय टीम के साथ मैत्री मैच खेलेगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आरटीओ जयपुर प्रथम, राजेन्द्र शेखावत उपस्थित रहे। उन्होंने न केवल खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि स्वयं भी आरटीओ जयपुर प्रथम की ओर से खेलते हुए प्रथम पारी में 20 रन (नाबाद) बनाए। द्वितीय पारी में 10 रन बनाने के उपरांत उन्होंने अन्य खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने हेतु खेल से विराम लिया। उनका यह कदम टीम भावना एवं नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। दोनों ही मैच रोमांचक रहे और आख़िरी पलों तक हार जीत की अटकलें लगती रही । संघ के क्रिकेट मैनेजर यशपाल शर्मा ने समस्त प्रबंधन देखते हुए खेल में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । प्रथम की और से शैलेन्द्र राठौड़ तथा द्वितीय की तरफ़ से अविनाश चौहान तथा अमित शर्मा में उत्कसोर्थ प्रदर्शन किया ।


## पीसीबी ने पीएसएल बिड की तिथि आगे बढ़ाई

लाहौर, 21 दिसंबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान सुपर लीग के लिए दो नई फ्रेंचाइजी के लिए बिड जमा कराने की तिथि एक बार फिर बढ़ा दिया है। पीसीबी ने बताया कि बोली लगाने की 22 दिसंबर तिथि को बढ़कर अब 24 दिसंबर कर दिया गया है, क्योंकि इस दौरान दो छुट्टियां थीं और इच्छुक पार्टियों ने अतिरिक्त समय मांगा था। नई टीमों के लिए बिड आठ जनवरी को होनी थी जिसे इस विस्तार के कारण एक दिन के लिए टाल दिया गया है। शुरुआती बिड की तिथि 15 दिसंबर तय की गई थी। पहला विस्तार यूरोप, अमेरिका, मध्य पूर्व और अन्य जगहों के निवेशकों की बढ़ती रुचि को देखते हुए किया गया था।

## बीसीसीआई एकदिवसीय विजय हजारे ट्रॉफी 24 से जयपुर में

जयपुर, 21 दिसंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में आगामी 24 दिसंबर से जयपुर में बीसीसीआई की सीनियर विजय हजारे एक दिवसीय ट्रॉफी






(इलीट ग्रुप) खेली जाएगी। जयपुर में खेली जाने वाली विजय हजारे एक दिवसीय (इलीट ठ्ुप) ट्रॉफी की टीमें : मुंबई, महाराष्ट्र, हिमाचल, सिक्किम, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब, छत्तीसगढ़।

आरसीए अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता (आज विवान प्रधान, नलिन दुलर, नभय अग्रवाल, निमिष मिश्रा, सयैद अली कुरियन, मुकुल कौशिक का शानदार प्रदर्शन ) मध्य क्षेत्र अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 14 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आज खेले गए मैचों का परिणाम :- अजमेर - सीकर (अजमेर जीती), सीकर पारी 201 / 9, टीम के लिए मुकुल कौशिक 72, नलिन दुलर 63 रन। अजमेर के गेंदबाज विवान प्रधान 23 / 5 विकेट। अजमेर पारी 203 / 7, टीम के लिए सयैद अली कुरियन 40 / 3 व विराज 46 रन। सीकर के गेंदबाज लवमीत 19 / 3 व मुकुल कौशिक 42 / 2 विकेट। सवाई माधोपुर - बारां पारी 239 / 8, टीम के लिए निमिष मिश्रा 74, नभय अग्रवाल 68 . यश 28 व अक्षय 28 रन। बारां के गेंदबाज प्रतीक 40 / 3, राजवीर 42 / 2 विकेट। बारां पारी 227 / 7, टीम के लिए भव्य 37, जय सिंह 36, तरश 35 व अर्शलान 39 रन। सवाई माधोपुर के गेंदबाज रूद्र प्रताप 31/2 विकेट।

## संतोष ट्रॉफी : महाराष्ट्र को 3–0 हरा राजस्थान का फाइनल राउंड में प्रवेश




जयपुर, 21 दिसंबर। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के निर्देशन में राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में विद्याधर नगर स्टेडियम में जारी 79 संतोष ट्रॉफी सीनियर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 - 26 के अंतिम दिन दो निर्णायक मुकाबले खेले गए सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि सुबह खेले गए पहले मुकाबले में गुजरात ने दादर नगर हवेली दमन दीव को एकतरफा मुकाबले में 5 - 0 से हराया, प्लेयर ऑफ द मैच गुजरात के जर्सी नंबर 10 मोइनुद्दीन को दिया गया।

दूसरा मुकाबला मेजबान राजस्थान और महाराष्ट्र के मध्य खेला गया, मैच से पूर्व मुख्य अतिथि एम आर एस ग्रुप के सीएमडी और समाजसेवी मेघराज सिंह रॉयल, पूर्णिमा ग्रुप के डायरेक्टर राहुल सिंघी, राजस्थान यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड सेक्रेटरी डॉ. प्रमोद सिंह, ब्रिगेडियर जितेंद्र सिंह शेखावत ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी, राजस्थान की अगले राऊंड में जगह बनाने के लिए महाराष्ट्र से 3 गोल से मुकाबला जीतना आवश्यक था, शुरुआत से ही राजस्थान ने महाराष्ट्र पर दबाव बनाए रखा और एक बाद एक हमले जारी रखे जिसकी बदौलत पहले हाफ में आदित्य चाहर (25 मिनट) और मुकेश कुमार (34 मिनट) के गोल से राजस्थान ने 2 - 0 की बढ़त हासिल की, दूसरे हाफ में महाराष्ट्र ने शानदार डिफेंस किया और राजस्थान को अंतिम समय तक गोल नहीं करने दिया मैच के अतिरिक्त समय (90 5 मिनट) में राजस्थान के मिलन पूनिया के शानदार गोल से 3 - 0 की बढ़त हासिल की जो मुख्य निर्णायक की अंतिम विषल तक कायम रही जिसके दम पर राजस्थान लगातार दूसरी आर फाइनल राउंड में जगह बनाने में कामयाब रही।

मैच के बाद समापन समारोह में राजस्थान फुटबॉल संघ द्वारा चारों टीम के खिलाड़ियों, टीम ऑफिशियल, मैच ऑफिशियल, मैच कमिश्नर, रेफरी एस्सेसर और सभी अतिथियों को दुपट्टा और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। समापन समारोह में राजस्थान फुटबॉल संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत, संयुक्त सचिव शकील अहमद, मानवेंद्र सिंह राघव, रफीक अहमद सिंधी, कृष्ण अवतार शर्मा,सीकर सचिव सुरेन्द्र मील, जालोर सचिव हरीराम डारा, टेक्निकल डायरेक्टर सतीश जांगिड़, रॉयल एफसी के दिलीप सिंह चुंडावत, पूर्व खिलाड़ी जसवंत सिन्हा, अब्दुल जब्बार सहित फुटबॉल से जुड़ी कई हस्तियां मौजूद रही।

### राव राजा हनुत सिंह कप (12 गोल) का फाइनल

## ऑप्टिमस अचीवर्स ने 8-7 के स्कोर से जीता राव राजा हनुत सिंह कप




जयपुर, 21 दिसंबर। राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर रविवार को राव राजा हनुत सिंह कप (12 गोल) का रोमांचक फाइनल मैच खेला गया। यह मुकाबला टीम जयपुर और टीम ऑप्टिमस अचीवर्स के बीच हुआ। इस दिलचस्प मुकाबले में ऑप्टिमस अचीवर्स ने टीम जयपुर को 8–7 के स्कोर से हराकर कप अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर बर्गग्रुएन इंस्टीट्यूट के चेयरमैन और को–फाउंडर, निकोलस बर्गग्रुएन मुख्य अतिथि रहे और विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। विजेता टीम ऑप्टिमस अचीवर्स की ओर से डेनियल ओटामेंडी ने 4 गोल किए। शमशीर अली और मैनुअल प्राडो ने 2–2 गोल हासिल किए। टीम से साविर मेहराज गोदारा भी खेले। वहीं, टीम जयपुर से लांस वाटसन ने शानदार 5 गोल किए। हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह और हुर्र अली ने 1–1 गोल किया। टीम में डीनो धनखड़ भी शामिल रहे।